SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 07 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 310

## प्रधानमंत्री ने 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का किया वर्चुअल शिलान्यास

**रायपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इनमें छत्तीसगढ़ के 7 रेलवे स्टेशन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, तिल्दा-नेवरा, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस और महासमुंद शामिल हैं।

गौरतलब है कि इस योजना में छत्तीसगढ़ के कुल 32 रेलवे स्टेशन को शामिल किया गया है। इन स्टेशनों के पुनर्विकास में 1660 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री के इस शिलान्यास कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन शामिल हुए। उन्होंने रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए तैयार मॉडल का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में आयोजित की गई थी।

राज्यपाल हरिचंदन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के शिलान्यास के इस समारोह में उपस्थित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। यात्री सुविधाओं का विकास देश के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। रेलवे देश की जीवन रेखा है। रेलवे के विकास का देश के विकास पर तत्काल और सीधा प्रभाव पड़ता है। आर्थिक विकास में उत्प्रेरक के रूप में रेलवे की भूमिका सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय देश भर में रेल नेटवर्क के तेजी से विकास और रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार के लिए सभी प्रयास कर रहा है। देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1307 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का वर्तमान प्रयास रेलवे के साथ बेहतर सुविधाओं और यात्री अनुभव की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

हरिचंदन ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना में छत्तीसगढ़ के कुल 32 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन 32 स्टेशनों के पुनर्विकास में 1660 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज छत्तीसगढ़ में 7 स्टेशनों की आधारशिला रखा। जिनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, तिल्दा-नेवरा, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस और महासमुंद शामिल हैं। बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों को प्रत्येक स्टेशनों के लिए 500 करोड़ रूपए की लागत से एक बड़ा उन्नयन मिलेगा।

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित की जाने वाले इन स्टेशनों पर वाइड कॉनकोर्स, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम, वाणिज्यिक क्षेत्र और रिटेल काउंटर आदि जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। योजना में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट की परिकल्पना की गई है। अन्य छोटे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं का उन्नयन किया जाएगा और उन्हें चौड़े एफओबी, अग्रभाग सुधार, प्रतीक्षा क्षेत्र, लिफ्ट, एस्केलेटर आदि जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।




राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि यह जानकर संतुष्टि होती है कि भारतीय रेलवे जनता के लिए मात्रा और गुणवत्ता दोनों के संदर्भ में सेवाओं के स्तर को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। मैं पुनर्विकास योजना में हमारे राज्य के स्टेशनों का चयन करने के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों की ओर से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं। यह निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ पारगमन उन्मुख सुविधाओं के माध्यम से विकास के नए रास्ते खोलने का काम करेगा।

रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास देश सहित प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सौगात है। रेलवे स्टेशनों का विकास एयरपोर्ट के तर्ज पर किए जाने की सोच प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की तर्ज पर रायपुर रेलवे स्टेशन एक मॉडल स्टेशन के रूप बनकर तैयार होगा। जिस तरह बच्चे-बुजूर्ग सहित लोग एयरपोर्ट को देखने जाते है। उसी तरह रेलवे स्टेशन को भी देखने आएंगे। यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। एक नए स्वरूप में स्टेशन के विकास से आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत महोत्सव के तहत रायपुर के स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन के करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के जी.एम. अलोक कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण, छात्र-छात्राएं और आम नागरिक उपस्थित थे।

### इन राज्यों के स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55 स्टेशन हैं। बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15 और कर्नाटक में 13 स्टेशन परियोजना में शामिल हैं। रेल विभाग का लक्ष्य इन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास काम को 2025 तक पूरा करना है। पीएम मोदी खुद काम की निगरानी कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप से कांपी धरती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में शनिवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप रात नौ बजकर 31 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5 8 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 36.38 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर और 70.77 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था एवं इसकी गहराई 181 किलोमीटर पर थी। भूकंप के झटके दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब में भी महसूस किए गए। भूकंप से अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

### पति का रिश्वत लेना जयपुर की मेयर को पड़ा भारी, अशोक गहलोत सरकार ने किया बर्खास्त

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने जयपुर की मेयर मुनेश गुर्जर को पद से बर्खास्त कर दिया है। गहलोत सरकार ने यह कार्रवाई मेयर मुनेश के पति को रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार करने के बाद की है। सूत्रों के अनुसार पति के रिश्वत लेने के मामले में मेयर मुनेश भी जांच के घेरे में है । दरअसल, अशोक राजस्थान सरकार ने शनिवार देर रात जयपुर हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। बता दें कि जयपुर की मेयर के पति सुशील गुर्जर को बीते दिन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भूमि पट्टा जारी करने के बदले दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मेयर को नगर निकाय सीट वार्ड संख्या 43 से भी निलंबित कर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल एएसआई की मौत

**नरसिंहपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के सिंहपुर पुलिस चौकी में पदस्थ एक एएसआई की जबलपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। वह एक सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार नरसिंहपुर जिले के राजमार्ग 44 फोरलेन पर कल दोपहर एक कंटेनर से कार टकरा गयी। कार में सिंहपुर पुलिस चौकी के चार पुलिस कर्मचारी सवार थे, जिसमें एएसआई अनिल टेकाम भी शामिल थे। दुर्घटना में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जबलपुर ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान कल रात एएसआई अनिल टेकाम ने दमतोड दिया। कार सवार पुलिस कर्मचारी नरसिंहपुर आ रहे थे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जम्मू कश्मीर : कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने मार गिराया घुसपैठिया

**कुपवाड़ा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया है। एक घुसपैठिए को मारा गया है। सुरक्षाबलों का इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। आपको बता दें, कुछ दिन पहले (31 जुलाई) को जम्मू कश्मीर के आरएस पुरा के अरनिया सेक्टर में देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रात घुसपैठ की कोशिश की गई थी। करीब 1.50 बजे एक घुसपैठिये को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मार गिराया था।

### पाकिस्तान में नवाबशाह के पास हजारा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त, 25 की मौत, यातायात निलंबित

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में रावलपिंडी जाने वाली हजारा एक्सप्रेस की 10 बोगियां रविवार को नवाबशाह के पास पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 163 लोग घायल हो गए। इनमें से 31 की हालत गंभीर बताई गई है। स्थानीय मीडिया में ये जानकारी दी गई है। ट्रेन दुर्घटना में दस डिब्बे पटरी से उतर गए। घायलों को नवाबशाह के पीपुल्स मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभावित बोगियों से यात्रियों को बाहर निकालने के लिए बचाव प्रयास जारी है। लोको शेड रोहरी से एक ट्रेन घटना स्थल पर पहुंच रही है। रहमान ने कहा, साइट तक पहुंचने में कम से कम तीन घंटे लगेंगे। उन्होंने जियो न्यूज को बताया, दुर्घटना के कारण अप ट्रैक पर यातायात निलंबित है। ट्रेन के पटरी से उतरने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## 100 करोड़ रुपए के तस्करी रैकेट का खुलासा, डीआरआई ने 3 मास्टरमाइंडों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अहमदाबाद ने मुंद्रा विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के जरिए संचालित एक तस्करी रैकेट के तीन मास्टरमाइंडों को गिरफ्तार किया और 100 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी का सामान बरामद किया।



डीआरआई ने कहा कि ये तीनों आरोपी मुंद्रा एसईजेड के माध्यम से ई-सिगरेट, ब्रांडेड मोबाइल एक्सेसरीज, प्रीमियम ब्रांडेड जूते, बैग, परफ्यूम और इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं की तस्करी में शामिल थे। इसमें कहा गया कि सामान को भारत में आयात करने का प्रयास किया गया।

डीआरआई ने कहा कि वह इस मामले में जनवरी 2023 में ही 100 करोड़ का सामान जब्त कर चुका है, जिसमें ई-सिगरेट, ब्रांडेड मोबाइल एक्सेसरीज, प्रीमियम ब्रांडेड जूते, बैग, परफ्यूम और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम शामिल हैं।

इसमें कहा गया है कि जिन बिचौलियों ने भारतीय सीमा शुल्क से खेप की निकासी में कार्टेल की सहायता करने का प्रयास किया था, उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

अधिकारी ने कहा कि तीन आरोपियों ने तस्करी में अपनी सक्रिय भूमिका स्वीकार कर ली है और उन्हें भारतीय सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। डीआरआई ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

## हैवानियत की हदें पार : चोरी के शक में मासूमों को पिलाया पेशाब, प्राइवेट पार्ट में डाली मिर्ची; पूरा मामला जान दहल जाएगा दिल

**सिद्धार्थनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पथरा थाना क्षेत्र में दो बच्चों के साथ हैवानितय की हदें पार कर दी गई। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में स्थित एक मुर्गी फार्म में दो मासूम घुसे थे। जिन्हें कुछ लोगों ने पकड़ लिया। दोनों बच्चों को पेट्रोल के इंजेक्शन लगाया गया, फिर पेशाब पिलाया। इतने से मन नहीं भरा तो एक बच्चे के गुदाद्वार में मिर्ची डाल दी गई। इतना ही नहीं इन बच्चों के साथ क्रूरता करते हुए उसका वीडियो बनाया और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इन दोनों बच्चों में एक बच्चा महज 6 से 7 साल का है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार को मुर्गी फॉर्म से 2000 रुपये गायब हो गए थे। शक के आधार पर उन लोगों ने मानसिक रूप से कमजोर दो नाबालिगों को चाय पिलाने के बहाने अपने दुकान पर बुलाया फिर अपने अन्य सहयोगी के साथ ऐसी हैवानियत की जिससे लोगों की रूह कांप गई। इसके बाद आठों लडक़ों ने बारी-बारी एक बोतल में पेशाब कर इन दोनों नाबालिगों को जबरन पिलाया। दोनों के हाथ-पैर बांध दिए और निर्वस्त्र कर शरीर में पेट्रोल भरकर इंजेक्शन लगाया। दोनों के कपड़े उतरवाकर नाजुक अंगों में हरी मिर्च तोडक़र डाल दी और पूरी वारदात का वीडियो भी बना लिया।

बच्चों की मां और पिता ने पुलिस को तहरीर दी जिनमें पुलिस ने 8 नामजद आरोपियों पर कुकर्म, पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। इन आरोपियों में उमेद, मोहम्मद आकिब, अब्दुल स?ऊद, रफीउल्लाह, शेरअली और दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी सऊद और शप्पू अभी भी फरार है। सभी आरोपी पथरा थाने के निवासी बताए जा रहे। इस संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि मामले का संज्ञान लिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पशु को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 6 लोगों की मौत

**इकौना (आरएनएस)।** बौद्ध परिपथ पर अढुआपुर के निकट एक कार पेड़ से टकराकर खाई में पटल गई। इस हादसे में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि घायल चालक का इलाज इकौना सीएचसी में चल रहा है। जानकारी के अनुसार नेपाल गंज के त्रिभुवन चौक निवासी वैभव गुप्ता सात लोगों के साथ कार से बलरामपुर शहर स्थित रिश्तेदारी में आए थे।




देर रात वह नेपालगंज जा रहे थे। इस दौरान इकौना क्षेत्र के अढुआपुर के निकट बौद्ध परिपथ पर बेसहारा मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और सडक़ किनारे खाई में पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक महिला नाथ उपाध्याय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कटर से कार का दरवाजा कटवाकर घायलों को बाहर निकलवाया।

घायलों की एंबुलेंस की मदद से इकौना सीएचसी उपचार के लिए भिजवाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने दो बच्चों, एक महिला, युवती नीति, नीलांश गुप्ता समेत पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। हालत नाजुक देख वैभव को जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया, जहां उसकी भी मौत हो गई। घायल चालक अजय मिश्रा निवासी बरोहरा, नानपारा बहराइच का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

### तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को कुचला दोनों की हुई मौत, कार को पुलिस ने पकड़ा

**भरतपुर (आरएनएस)।** भरतपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से चौकी दारी कर रहे दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिस पर कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक के शवों का जिला अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल निवासी बॉबी भारत एजेन्सी में चौकीदारी का कार्य करता था। वहीं मुरवारा निवासी राजेन्द्र भारत एजेन्सी के सामने स्थित सीताराम मार्केट में चौकीदारी का कार्य करता था। कल देर रात्रि दोनों व्यक्ति चौकीदारी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सडक के डिवाइडर पर बैठे हुए थे। तभी एक तेज रफ्तार कार आई और कार चालक ने अनियंत्रित होकर दोनों व्यक्तियों को टक्कर मार दी। जिसमें बॉबी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस दोनों व्यक्तियों को जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर कोतवाली थाना पुलिस ने मृतकों के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 1,626 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**श्रीनगर (आरएनएस)।** एक दिन तक निलंबित रहने के बाद, 1,626 तीर्थयात्रियों का एक काफिला रविवार को अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से रवाना हुआ।



शनिवार को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि 1303 पुरुषों, 252 महिलाओं, सात बच्चों, 51 साधुओं और 13 साध्वियों सहित 1626 तीर्थयात्रियों का जत्था एक सुरक्षा काफिले में रविवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

1 जुलाई से शुरू होने के बाद से अब तक इस साल 4 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के दौरान बीमारी और अन्य प्राकृतिक कारणों से 36 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को रक्षा बंधन त्योहार के साथ श्रावण पूर्णिमा पर समाप्त होगी।

## नूंह में बुलडोजर एक्शन जारी, जिस होटल से हुई थी पत्थरबाजी वो भी हुआ जमींदोज

**नूंह (आरएनएस)।** हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा को लेकर आज भी बुलडोजर एक्शन जारी है। प्रशासन ने नूंह में एक अवैध होटल कम रेस्तरां को रविवार सुबह बुलडोजर की मदद से तोडक़र जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन का कहना है कि यह होटल अवैध रूप से बनाया गया था और हाल ही में हुई हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने इसकी छत पर चढक़र धार्मिक यात्रा में शामिल लोगों पर पत्थर फेंके थे।जिला नगर योजनाकार विनेश कुमार ने बताया कि यह इमारत पूरी तरह से अनधिकृत थी और इसे सरकार और विभाग द्वारा पहले ही नोटिस भेज दिया गया था। उसी के तहत आज यह कार्रवाई की जा रही है। यह एक होटल कम रेस्तरां है और पूरी तरह से अनधिकृत है। यहां से बृजमंडल यात्रा पर दंगाइयों ने पथराव किया था, इसलिए यह कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने शनिवार को नलहर मेडिकल कॉलेज के आसपास की 2.6 एकड़ जमीन समेत 12 अलग-अलग स्थानों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया था।



बता दें, नूंह में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तोडफ़ोड़ अभियान दो समुदायों के बीच नए विवाद का कारण बन गया है। शनिवार को, हरियाणा के अधिकारियों ने हिंसा प्रभावित नूंह जिले में तोडफ़ोड़ अभियान के तीसरे दिन दर्जनों अवैध निर्माणों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि उनमें से कुछ निर्माण उन लोगों के भी थे जो कथित तौर पर हाल की हिंसा में शामिल थे।

## कुलगाम मुठभेड़ में शहीद कश्मीरी सैनिक सुपुर्द-ए-खाक

**श्रीनगर (आरएनएस)।** कुलगाम मुठभेड़ में शहीद हुए जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के एक सैनिक को रविवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया।



अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के दाचीगाम इलाके से ताल्लुक रखने वाले सिपाही वसीम अहमद भट्ट को रविवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शुक्रवार को कुलगाम जिले के हलाण वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ड्यूटी के दौरान भट्ट गोली लगने से शहीद हो गए थे।

31 वर्षीय भट्ट सेना के उन तीन जवानों में शामिल थे, जिन्हें कुलगाम जिले के हलाण ऑपरेशन के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बाद 92 बेस अस्पताल ले जाया गया था, जहां कुछ ही देर बाद उन सभी ने दम तोड़ दिया।

रविवार सुबह सैनिक का पार्थिव शरीर सैन्य अस्पताल श्रीनगर से उनके पैतृक गांव दाचीगाम बांदीपोरा ले जाया गया। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सैकड़ों स्थानीय लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने और पूरे धार्मिक एवं सैन्य सम्मान के साथ आयोजित अंतिम संस्कार को देखने के लिए मिडिल स्कूल दाचीगाम में एकत्र हुए।

भट्ट के असामयिक निधन से समुदाय को गहरा दुख हुआ है और महिलाओं ने इस युवा सैनिक के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भट्ट एक प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी भी थे। उन्होंने लंबे समय तक दाचीगाम में इकरा फुटबॉल क्लब का प्रतिनिधित्व किया था।

वसीम अपने पीछे अपनी पत्नी को छोड़ गए हैं। उन्होंने नवंबर 2021 में शादी की थी। अधिकारियों ने कहा कि ईद पर उनकी आखिरी घर यात्रा उनके परिवार के लिए यादगार रही थी। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि उनकी पत्नी छह महीने की गर्भवती हैं। उनके परिवार में पत्नी, छोटा भाई, माता-पिता और दो शादीशुदा बहनें हैं।